एक नजर में

## आज शिव-शक्ति की भक्ति में रमेंगे सनातनी, दूल्हा स्वरुप में सजेंगे महादेव

**खरगोन, निप्र।** शिव-शक्ति उपासना का महापर्व महाशिवरात्रि पर रविवार को धर्म, भक्ति और अध्यात्म की बयार बहेगी। महाशिवरात्रि पर मंदिरों में विराजित महादेव को जहां दूल्हा स्वरुप में सजाया जाएगा, वहीं शिव बारात निकालकर शिव-शक्ति मिलन का उत्सव भी मनाया जाएगा। मंदिरों में विशेष साज-सजा रात्रि के समय आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। महाशिवरात्रि पर श्री बांके बिहारी मन्दिर में विराजित श्री पूर्णेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार कर रात्रि में महाआरती के बाद फलिहारी खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया जाएगा। पंडित अरविंद डोंगरे के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि निशिता काल और प्रदोष काल को ध्यान में रखते हुए महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा। शिव-पार्वती के दिव्य विवाह के उपलक्ष्य पर कई शुभ योग बन रहे है। इस साल महाशिवरात्रि पर कुंभ राशि में शुक्र और बुध की युति होने जा रही है, जिससे लक्ष्मी-नारायण राजयोग का निर्माण होगा।यह दुर्लभ संयोग शिव भक्तों के लिए सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य के द्वार खोलने वाला माना जा रहा है। इसके साथ ही शिवरात्रि पर आठ महासंयोग के साथ चतुर्ग्रही योग का अद्भुत समागम हो रहा है।पहला चतुर्ग्रही योग, दूसरा सर्वार्थ सिद्धि योग, तीसरा व्यतिपात योग, चौथा बुधादित्य योग, पांचवां लक्ष्मी नारायण योग, छठा शुक्र आदित्य योग, सातवां महालक्ष्मी योग तथा आठवां श्रवण नक्षत्र योग शामिल हैं।इस बार चतुर्दशी तिथि प्रारंभ होने के साथ ही भद्रा भी शुरू हो जाएगी, लेकिन भद्रा का वास पाताल लोक में होने से जलाभिषेक में बाधा नहीं होगी।आध्यात्मिक दृष्टिकोण से यह शिव और शक्ति के मिलन की रात मानी जाती है।वहीं वैज्ञानिक रूप से इस रात्रि पृथ्वी का उत्तरी गोलार्ध इस तरह स्थित होता है कि मनुष्य के शरीर में ऊर्जा का प्रवाह प्राकृतिक रूप से ऊपर की ओर यानी रीढ़ की हड्डी के माध्यम से बढ़ता है।इसी कारण इस रात जागकर ध्यान करना स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए लाभकारी माना जाता है।+



## ब्यूटी वेलनेस और हेल्थ केयर विषयों के साथ हाय स्कूल परीक्षाएं प्रारंभ



**मंडलेश्वर, निप्र।** स्वास्थ्य और सौंदर्य विषयों के पेपर के साथ शनिवार से मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाय स्कूल परीक्षाओं का भी शुभारम्भ हो गया हायर सेकंडरी की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू हो चुकी है।महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल परीक्षा केंद्र के सहायक केंद्राध्यक्ष और प्राचार्य जे के सोनी ने बताया कि केन्द्र पर शनिवार को हाय स्कूल की परीक्षा शुरू हुई जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की हाय स्कूल की 43 छात्राओं ने परीक्षा दी जिनमें ब्यूटी एंड वेलनेस विषय की 36 और हेल्थ केयर की 07 छात्राएं शामिल हुई।हाय स्कूल का अगला पेपर 17 फरवरी को होगा। हायर सेकंडरी परीक्षा 13 फरवरी से शुरू हो चुकी है इसका अगला पेपर 18 फरवरी को होगा।इस परीक्षा केन्द्र पर हाय स्कूल परीक्षा में कुल 229 परीक्षार्थी और हायर सेकंडरी परीक्षा में कुल 315 परीक्षार्थी शामिल होंगे।नगर में दूसरा परीक्षा केन्द्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बनाया गया है।शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र की स्थानीय सहायक केंद्राध्यक्ष श्रीमती शबनम खान ने बताया कि इस परीक्षा केन्द्र पर हाय स्कूल के 156 और हायर सेकंड्री के 182 परीक्षार्थी शामिल हो रहे है। विद्यालय की हाईस्कूल छात्राओं ने ब्यूटी एंड वेलनेस और हेल्थ केयर का पेपर देकर सीधे शासकीय कन्या स्कूल पहुंची और अपने विषय शिक्षक श्रीमती मोनिका मंडलोई और एजाज अली सर को पेपर दिखाकर खुशी व्यक्त की।ब्यूटी वेलनेस विषय की खुशी कटारे,माही बिसारी,लक्ष्मी कटारे और रविना मकवाने ने अपने शिक्षकों से पेपर पर चर्चा के बाद खुशी व्यक्त की और कहा कि पेपर बहुत अच्छा गया 80 प्रतिशत नंबर मिलेंगे।हेल्थ केयर की छात्राएं माहीन कुरैशी का पेपर भी अच्छा गया जो आगे नर्सिंग में अपना करियर बनाना चाहती है।

## हाई स्कूल परीक्षा के पहले दिन टाफी देकर एवं सरस्वती पूजन कर किया उत्साहवर्धन



**अंदड़, निप्र।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2026 की बोर्ड हाई स्कूल की परीक्षाएं 14 फरवरी से प्रारंभ हुई जिसमे पहला प्रश्न पत्र वोकेशनल विषय का हुआ। जिले की नवाचारों के लिए पहचानी जाने वाली हायर सेकेण्डरी स्कूल अहीरखेड़ा में परीक्षा के प्रथम दिवस ऐसे सजाया गया जैसे घरों को कोई खास उत्सव पर सजाया जाता है , जिससे अच्छे खुशनुमा माहौल में परीक्षार्थियों का तनाव और घबराहट दूर हो और वे तन्मयता के साथ परीक्षा दे सकें । हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थियों का माला पहनाकर, गुलाब के फूल देकर फल एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया । परीक्षार्थियों का तनाव दूर करते हुए उन्हें टाफि का वितरण कर उन्हे पूरे 3 घंटे पेपर शांति पूर्वक हल करने की समझाइश के साथ स्वागत करते हुए प्रवेश दिया गया ।अहीरखेड़ा परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष मयाराम डोडवे उच्च माध्यमिक शिक्षक हायर सेकेण्डरी स्कूल पीपलझोपा,सहायक केंद्राध्यक्ष श्री पटेल उच्च माध्यमिक शिक्षक पीएम श्री उ मा वि दौड़वा एवम् स्थानीय सहायक केंद्राध्यक्ष एवम् प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह पंवार , डी बिरला ,राहुल यादव आदि ने केंद्र अध्यक्ष एवं सहायक केंद्र अध्यक्ष तथा कलेक्टर प्रतिनिधि,पर्यवेक्षकों ने परक्षार्थियों को माला पहनाकर स्वागत किया केंद्र पर हाई स्कूल के कुल 48परीक्षार्थी दर्ज थे जिसमें से 01 विद्यार्थी अनुपस्थित होकर 47ने परीक्षा दी ।अहीरखेड़ा एक मात्र ऐसी स्कूल है जो प्रतिवर्ष परीक्षार्थियों के लिए नवाचार कर उनका तनाव दूर कर मनोबल बड़ाने के साथ विगत 13 वर्ष से शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दे रही है ।संस्था प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह पंवार ने बताया कि विद्यार्थियो में बोर्ड परीक्षा को लेकर तनाव और घबराहट होती है जिसे एक अच्छा माहौल ओर स्वागत कर दूर किया जा सकता है ।

## महाशिवरात्रि, होली व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**कसरावद, निप्र।** शनिवार शाम थाना परिसर में आगामी पर्व महाशिवरात्रि, होली एवं रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना रहा। बैठक में एसडीएम सत्येंद्र बैरवा , प्रभारी तहसीलदार कैलाश डामोर, मुख्य नगर परिषद कमलेश गोले तथा थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन सहित नगर के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठजन एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए त्योहारों को हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की ।



# खरगोन में 4 कन्याओं का किया नि:शुल्क विवाह किया

## गणेश पूजा, मंडप से लेकर कन्यादान तमाम व्यवस्थाएं ग्रुप के सदस्यों ने जुटाई

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** वाट्सएप पर बने एक ग्रुप के द्वारा अनूठा कार्य कर दिखाया है।इस ग्रुप ने समाज के 4 आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों का विवाह आयोजित किया। खास बात यह रही कि गणेश पूजा, मंडप से लेकर कन्यादान तमाम व्यवस्थाएं ग्रुप के सदस्यों ने जुटाई। यही नहीं विवाह की रस्मों में भी पालक बनकर शामिल हुए। शुक्रवार को मारैवा न्यास खरगोन में यह मांगलिक आयोजन हुआ। नार्मदीय ब्राह्मण समाज के ग्रुप नार्मदीय कन्यादान परिवार के सदस्य पंकज भटोरे बताते हैं कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए ग्रुप बनाया था। देखते ही देखते ग्रुप के सदस्यों ने आपसी सहमति से शादी की पूरी तैयारियां कर ली गई। ग्रुप के माध्यम से समाज की बेटियों के विवाह,में सहयोग कर रहे हैं। ग्रुप में खरगोन, मण्डलेश्वर, महेश्वर, कसरावद इंदौर, राउ, भोपाल, बड़ौदा, गुजरात, धार, धामनोद, बड़वाह, सनावाद, सेंधवा, बमनाला, मनावर, बाकानेर, ठीकरी, दवाना, मंडवाड़ा, रतलाम, उज्जैन, सनावद नर्मदापुरम, खंडवा, बुरहानपुर आदि शहरो से 350 से अधिक सदस्य जुड़े है। विवाह के लिए वर-वधु पक्ष से कोई राशि नहीं ली गई। ग्रुप सदस्यों के सहयोग से कन्याओं के लिए लहंगा, साड़ियां, मंगलसूत्र, मोती, पायल, बिछिया, गंगाल, सहित तमाम सामग्री उपलब्ध कराई गई। साथ ही विवाह में आने वाले वर-वधु व समाजजनों के लिए भोजन भी कराया।




### दो दिन तक हुए मांगलिक कार्यक्रम

समारोह में भट्यान की आयुषी का विवाह विकास शर्मा काली बावड़ी, प्रीति शर्मा महेश्वर का विवाह अर्पित शर्मा मगरिया, पूजा बिल्लौर खामखेड़ा का विवाह आनंद कानूनगो पंधानिया,प्राची गांवशिंदे का विवाह हर्षित बड़ोले खरगोन के साथ संपन्न हुआ। मांगलिक आयोजन के लिए पिछले 4 महीनों से ग्रुप के सदस्य तैयारियां कर रहे थे। महिलाओं ने जहां कन्या पक्ष के संपर्क में रहकर उनको समय-समय पर रूपरेखा अनुसार कार्य संपन्न कराने में मदद की वहीं अन्य साथियों ने भोजन, टेंट,जल सहित अन्य व्यस्थाओं में सहयोग दिया। 12 तारीख गुरुवार को गणेश पूजन, मां नर्मदा पूजन, नर्मदाष्टक पाठ व आरती की गई। रात्रि में संगीत निशा में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। 13 तारीख शुक्रवार को मंडप, बारात आगमन, प्रोसेशन के बाद दोपहर 12.30 बजे लग्न सम्पन्न हुए।

## मंडनमिश्र महाविद्यालय के विकास हेतु हमेशा तत्पर रहूंगा : विधायक राजकुमार मेव

**मंडलेश्वर, निप्र।** आचार्य मंडन मिश्र शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर के वार्षिक स्नेह सम्मेलन का शुभारंभ विधायक राजकुमार मेव के मुख्य आतिथ्य में हुआ मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर आयोजित इस स्नेह सम्मेलन के विशेष अतिथियों में मंडलेश्वर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र पाटीदार महेश्वर मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रामदास शर्मा शामिल थे अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम एस चौहान ने की अपने प्रेरक उद्बोधन में विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि किसी भी संस्थान के वार्षिक उत्सव में उस संस्थान की प्रतिभाओं को एक मंच मिलता है जिससे उनकी प्रतिभा निखरती हैं आपने कहा कि मैं मंडन मिश्र महाविद्यालय के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा तथा महाविद्यालय की किसी भी समस्या के निराकरण के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा। स्नेह सम्मेलन छात्र संघ परामर्शदाता प्रो राजगुरु पाटीदार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया ।संचालन प्रो आरती लोमारे द्वारा किया गया आभार डॉ. प्रवीर पाण्डेय द्वारा व्यक्त किया गया स्नेह सम्मेलन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा साहित्यिक सांस्कृतिक विधाओं में उत्साह पूर्वक सहभागिता की गई ।स्नेह सम्मेलन का समापन पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खरगोन सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल और विशेष अतिथि विधायक राजकुमार मेव थे लेकिन व्यस्तताओं के चलते सासंद ने दिल्ली से अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। विशेष अतिथियों में रामदास शर्मा विद्यार्थी परिषद के मालवा प्रांत सह मंत्री निर्मल चौहान,बड़वाह जनपद उपाध्यक्ष वीरेन्द्र माले करही मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र गौड़ सीताराम ठाकुर अभिलाष ठाकुर शामिल थे वार्षिक स्नेह सम्मेलन में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक स्पर्धाओं के विजेताओं और खेल कूद के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का आभार डॉ मुकेश साठे ने माना।




## पेरामाउंट एकेडमी कसरावद में पुलवामा के अमर शहीदों को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की

**कसरावद, निप्र।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित पेरामाउंट एकेडमी कसरावद के विद्यार्थियों ने 14 फरवरी को पुलवामा हमला में शहीद हुए 40 अमर वीर जवानों को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। एनसीसी के सी.टी.ओ. सचिन पाटीदार ने बताया कि विद्यालय परिसर देशभक्ति के भाव से गूंज उठा, जब विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबंधन ने एक स्वर में शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन से हुई। उस मौन में केवल शांति नहीं, बल्कि उन माताओं की पीड़ा, उन परिवारों का गर्व और उन वीर सपूतों के अदम्य साहस की गूंज समाहित थी, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दे दिया। विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासित मार्च पास्ट एवं सलामी देकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पूरा वातावरण 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के जयघोष से देशभक्ति में सराबोर हो गया।






पुलवामा के शहीदों का बलिदान केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि हर भारतीय के हृदय में जलती अमर ज्योति है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में अनुशासन, साहस और राष्ट्रप्रेम को सर्वोपरि रखें तथा देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहें। विद्यालय के प्राचार्य डॉ अखिलेश पाटीदार एवं प्रबंधन ने कहा कि ऐसे अवसर हमें यह स्मरण कराते हैं कि हमारी स्वतंत्रता और सुरक्षा के पीछे हमारे सैनिकों का अथाह त्याग और समर्पण है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने राष्ट्र की सेवा, सम्मान और गौरव को सर्वोच्च मानते हुए देश के प्रति अपनी निष्ठा का संकल्प दोहराया।

## भगवान मुनिसुव्रतनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



**सनावद, निप्र।** जैन धर्म के 20 वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव फाल्गुन कृष्ण द्वादशी (14 फरवरी 2026) को भक्तिभाव से मनाया गया। सन्मति जैन काका ने बताया कि इस पावन अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सहित सभी जैन मंदिरों में जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर मुनिसुब्रतनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रात:काल की मंगल बेला में भगवान का विधि विधान से पूजन व अभिषेक किया गया इस मौके पर जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। मुनिसुव्रतनाथ भगवान को जयकारों के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया। जैसा की ज्ञात है कि राजगृह (बिहार) में जन्म लेने वाले भगवान ने चम्पक वृक्ष के नीचे दीक्षा ली थी और सम्मेदशिखर पर निर्वाण प्राप्त किया। पुराणों के मुताबिक मुनिसुव्रतनाथ भगवान का जन्म राजगृह में हुआ था। उनके पिता का नाम सुमित्र और माता का नाम पदमावती था। इस अवसर पर सुरेश पांड्या, गोरू मुंशी, लोकेंद्र जैन, मनीष चौधरी, सुनील मास्टर साहब, प्रवीण जैन, अशोक पंचोलिया, गौतम जैन, गरिमा सराफ, प्रेरणा जटाले, खुश्कवर पांड्या, संध्या पंचोलिया, साधना जैन, मेघा पांड्या, सहित सभी समाजजन उपस्थित थे।

## ब्रह्माकुमारी ने निकाली शिव की बारात, शिव के नारों से गूंजा कसरावद नगर

**कसरावद, निप्र।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आज 14 फरवरी को प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कसरावद द्वारा नगर में शिवजी की भव्य बारात निकाली गई। इस आयोजन में संपूर्ण कसरावद नगर शिव जी के नारो से गुंज उठा। इस अवसर पर डीजे के साथ शिवजी की विशाल और आकर्षक बारात निकाली गई। इसके पूर्व स्थानीय सेवाकेन्द्र पर ओम की ध्वनि के साथ शिव ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थितजनो को प्रतिज्ञाए कराई गई। ब्र.कु. भावना बहन ने बताया कि इस अवसर पर सेवा केंद्र से नगर के मुख्य बाजारों तक बैंड-बाजे के साथ भगवान शिव की शोभायात्रा और भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों महिलाओं एवं पुरूषो ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाशिवरात्रि पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान शिव के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। ब्र.कु. बहन ने कहा कि परमात्मा शिव ज्योति बिंदु स्वरूप और ज्ञान के सागर हैं। शिवरात्रि अज्ञान के अंधकार को समाप्त कर ज्ञान का प्रकाश फैलाने का पर्व है। आपने बताया कि शिव संदेश के माध्यम से जनमानस में आत्म-चेतना, आध्यात्मिक ज्ञान और मानवीय मूल्यों को पुनर्जीवित करना है तथा एक ऐसी नई विश्व व्यवस्था (स्वर्ण युग) का निर्माण करना है जो शांति, पवित्रता और ईमानदारी से पूर्ण हो। इसलिये मन की शांति और सकारात्मकता के लिए राजयोग ध्यान आवश्यक है।



## तपाने लगी फरवरी, हो रहा अप्रैल सी गर्मी का एहसास, 34 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान



**खरगोन, निप्र।** फरवरी के पहले ही पखवाड़े में सूरज तीखे तेवर दिखाने लगा है, इसे ग्लोबल वार्मिंग का असर कहें या सामान्य बदलाव। दिन में तेज धूप से मानों गर्मी ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। पिछले पांच दिन में तापमान ने 3 डिग्री का उछाल लिया है, जिसके चलते फरवरी के ठंडे मौसम में अप्रैल सी गर्मी का एहसास हो रहा है। सुबह-शाम हल्की ठंड जरूर है, लेकिन सुबह 8 बजे से ही धूप चुभने लगी है। ठंड-गर्म के कारण इस मौसम में संक्रमित बीमारियां भी पैर पसार रही है। सर्दी-खांसी, गले में खराश, कफ का संक्रमण तेजी से फैलर रहा है। उल्लेखनीय है कि इस सीजन में ठंड का भी ज्यादा असर नजर नही आया। फरवरी माह के तापमान पर नजर डालें तो पिछले एक पखवाड़े से तापमान 31 डिग्री के पार ही रहा है, जबकि बीते तीन दिनों से यह बढ़कर 33.4 पर पहुंच गया है। शनिवार को तहसील कार्यालय स्थित मौसम वैद्यशाला में अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम 14.8 डिग्री दर्ज किया गया, जिससे दिन के साथ अब रातें भी गर्म होने लगी है। बढ़ती गर्मी के चलते अब पंखें का सहारा लेना पड़ रहा है, वहीं कूलरों की साफ-सफाई भी शुरु हो गई है।

एक नजर में

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया

## जीवन शैली अपनाने के लिए प्राकृतिक खेती विषय पर कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज

**भीकनगांव, निप्र।** जननायक टंट्या मामा शासकीय महाविद्यालय भीकनगांव में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन ऐपको भोपाल के दिशा निर्देशन अनुसार इको क्लब के अंतर्गत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मण डावर के मार्गदर्शन में इको क्लब प्रभारी पी सी निहाले के तत्वाधान में मिशन लाइफ के तहत सतत जीवन शैली अपनाने के लिए प्राकृतिक खेती विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गयाए जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्यए मुख्य वक्ता एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। ईको क्लब प्रभारी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य प्रस्तुत किए गएए जिनका मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जागरूकताए जिम्मेदारी और सतत जीवनशैली की भावना विकसित करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षणए जल संवर्धनए जैव विविधता एवं स्वच्छ ऊर्जा विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में प्रस्तुत मॉडलों ने सतत विकास और हरित जीवनशैली का प्रभावी संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संदेश में कहा कि श्एेसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करते हैं।इको क्लब की यह पहल सराहनीय है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉण् संजीव वर्माए वरिष्ठ वैज्ञानिकए कृषि विज्ञान केन्द्र ने ष्प्राकृतिक खेतीष् विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि श्रासायनिक मुक्त कृषि ही भविष्य की आवश्यकता है। मृदा स्वास्थ्य संरक्षण और स्थानीय संसाधनों का उपयोग किसानों एवं पर्यावरण दोनों के लिए हितकारी है।श् उन्होंने विद्यार्थियों को जैविक एवं प्राकृतिक पद्धतियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता श्री मंशाराम रायए उप वनपालए भीकनगांव ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्वन और पर्यावरण संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहींए बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। युवा पीढ़ी यदि संकल्प ले तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सकता है।6 कार्यशाला के माध्यम से ईको क्लब में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 23 जनवरी से चल रही गतिविधियों का आज समापन हुआ। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समस्त प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेडल एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोण्शक्ति चौहान द्वारा किया गया तथा अंत में ईको क्लब प्रभारी पीण्सीण् निहाले ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया ।इस अवसर पर 135 विद्यार्थी एवं प्रोण्अश्विनी चौहानए प्रोण् विमल पंद्रो प्रोण्मंजू साहू प्रोण्अर्पित मंडलोई प्रोण् पुष्पेंद्र गोयल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

